**भारत सरकार**

**इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश

## शिमला दिनांक 17-जून-2023

## हिंदी समिति की बैठक का आयोजन एवं

## एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

इस उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही (01-अप्रैल-2023 से 30-जून-2023) के दौरान दिनांक 17-जून-2023 को कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




**श्री अजय सिंह चैहल उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी**
**हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के लिए समिति के सभी सदस्यों को पूर्व में सूचित किया गया था, एवं इसी प्रकार से कार्यालय के सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को हिंदी कार्यशाला व हिंदी संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी पूर्व में सूचित किया गया था।

सबसे पहले कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन पूर्व निर्धारित समय अनुसार किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल एवं चारों सदस्यों श्री विनोद गर्ग, श्री अखिलेश भारती, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में एन.आई.सी. हि.प्र. राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी, एवं यह पाया गया कि, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया, जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारिओं व कर्मचारिओं ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।




**हिंदी कार्यशाला के दौरान श्री ब्रिजेन्द्र डोगरा अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए**
**(विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)**

कार्याशाला के दौरान विषय विशेष पर हिंदी में व्याख्यान के तहत इस बार श्री ब्रिजेंदर डोगरा ने "वनों में आग की घटनाओं" पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने वनों में आग लगने के कारणों, तथा इससे प्रकृति, पर्यावरण, वैश्विक जीवों व समस्त मानव जाती को होने वाली हानि तथा भविष्य के खतरों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इसके उपरान्त हिंदी-बोध मोबाइल एप के माध्यम द्वारा दो प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य, हिंदी व्याकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न थे, तथा प्रत्येक प्रश्नोतरी में 12 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोतरी का संचालन श्री संजय शर्मा ने किया व सभी उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने इसमें भाग लिया, इसके पश्चात दोनों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के परिणाम बताये गए। कुछ अधिकारियों से प्राप्त प्रतिक्रिया के अनुसार मोबाइल एप में प्रश्नोत्तरी के प्रश्नों के लिए उत्तर कुंजी चुनौती तथा मोबाइल ऐप और प्रश्नोतरी के उपयोगकर्ताओं को अधिकृत और मान्य करने की प्रक्रिया भी विकसित किये जाने के लिए कहा गया। एवं यह मोबाइल ऐप संबंधित प्ले स्टोर्स पर भी होस्ट होनी चाहिए।



**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अधिकारी गण, तथा अन्य कार्यालयों के अधिकारी गण विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के तत्पश्चात हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भी हि.प्र. राज्य केंद्र एवं अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया।

संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तथा सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोतरी तथा अन्य व नई गतिविधियाँ जारी रहनी चाहिए, तथा इन गतिविधिओं में सभी को रोचक पूर्ण व निष्ठा भाव से भाग लेना चाहिए। श्री दीपक कुमार, उप निदेशक (आई.टी.) ने आगामी व्याख्यान के लिए अपना नाम स्वेच्छा से प्रस्तुत किया, तथा आगामी कार्यशाला के दौरान वह विषय विशेष पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी महानुभावों ने कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को और अधिक सशक्त रूप से जारी रखने सम्बन्धी विचार व अनुभव प्रस्तुत किए, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत हुए।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी में निम्नलिखित अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भाग लिया

| **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** | **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अजय सिंह चैहल | 21 | रवि कृष्ण मीना |
| 2 | ललित कपूर | 22 | विनोद गर्ग |
| 3 | संदीप सूद | 23 | अनुराग गुप्ता |
| 4 | संजय शर्मा | 24 | भूपिंदर सिंह |
| 5 | विजय कुमार गुप्ता | 25 | भूपिंदर पाठक |
| 6 | विमल कुमार शर्मा | 26 | अक्षय मेहता |
| 7 | संजय कुमार ठाकुर | 27 | बलवान सिंह |
| 8 | दलजीत सिंह राणा | 28 | बृजेन्द्र डोगरा |
| 9 | मंगल सिंह | 29 | संजय गुप्ता |
| 10 | आशीष शर्मा | 30 | दीपक कुमार |
| 11 | मुकेश कुमार | 31 | विजय कुमार |
| 12 | सी.एल. कश्यप | 32 | मोहन राकेश |
| 13 | सर्वजीत कुमार | 33 | अखिलेश भारती |
| 14 | रामनारायण यादव | 34 | अश्वनी कुमार |
| 15 | अंकिता मिश्रा | 35 | संजीव कुमार कश्यप |
| 16 | पृथ्वी राज | 36 | प्रत्युल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | पूजा मान | 37 | संदीप कुमार |
| 18 | राजेश कुमार यदुभूषणम | 38 | हमेन्द्र लाल |
| 19 | विनय डोगरा | 39 | दीपक कुमार (एम.सी.एच.) |
| 20 | शंकर लाल | | |

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिन भर जारी रहा, एवं सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं नें कार्यालय में राजभाषा के सम्पूर्ण प्रयोग हेतु अपने अपने विचार रखे एवं अपने अपने अनुभव साँझा किये, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक थे।